# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 27 मार्च, 2015/6 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 39**

----

### टैक्सी सर्विस

*1786 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या शिमला नगर निगम क्षेत्र के प्रतिबन्धित व दूसरे मार्गों पर पूर्व की भान्ति पुनः टैक्सी सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो यह टैक्सी सर्विस किसके माध्यम से चलाई जाएगी; और

(ग) इस सुविधा हेतु कौन-कौन से रूट निर्धारित हैं; ब्यौरा दें ?

----

### आई0 टी0 आई0 निरमण्ड

*1787 **श्री खूब राम (आनी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि I.T.I. निरमण्ड के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## पुल निर्माण

***1788 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) कांगड़ा लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत गज खड्ड पर कलरू स्पेल पुल की स्वीकृति कब हुई तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय होनी प्रस्वावित है;

(ख) इसके निर्माण हेतु टैंडर कितनी बार हुए; और

(ग) वर्तमान में इस पुल की स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## मूलभूत सुविधा हेतु धनराशि

***1789 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक पर्यटन स्थल कुफरी व महासु में मूलभूत सुविधाएं देने हेतु कितनी धनराशि किन-किन विकास कार्यों हेतु व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार की इन स्थलों के लिए क्या-क्या नई योजनाएं हैं; और

(ग) चीनी बंगला व कुफरी बाजार में घोड़ों के मल-मूत्र की निकासी की योजना की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## पशु औषधालय

***1790 श्री किरनेश जंग (पांवटा साहिब):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पांवटा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वर्तमान में कितने पशु औषधालय केन्द्र हैं; इनमें कुल कितने पद विभिन्न श्रेणियों के रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## पुल/सड़क की डी0पी0आर0

***1791 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) कांगड़ा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत खरटी से हार जलाड़ी तक बनने

वाले पुल व सड़क की डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा ?

----

## रेणुका विद्युत परियोजना

*1792 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने जिला सिरमौर के अन्तर्गत रेणुका विद्युत परियोजना का MOU हस्ताक्षर किया है; यदि हां, तो कब और किस Company के साथ और इस परियोजना की विद्युत उत्पादन की क्षमता क्या है;

(ख) परियोजना के अन्तर्गत किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई है; यदि हां, तो कितनी और कितने व्यक्तियों की भूमि अधिग्रहण की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार को क्या ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने किसानों से उनकी भूमि सस्ती दरों पर ली और कुछ की दिनों के बाद अधिग्रहण के उपरान्त करोड़ों का मुआवज़ा प्राप्त किया; ब्यौरा किसानशः एवं मुआवज़ा राशि सहित दें ?

----

## Forest Clearance

*1793 **Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many cases of Forest Clearance of roads etc. have been submitted by PWD Division Nurpur;

(b) out of these in how many cases the clearance will be given by State Level Committee; and

(c) whether it is a fact that all the cases have been examined/scrutinized by the Forest Department and returned to the user agency; if not, whether the Government proposes to fix time frame for obtaining clearance in future ?

----

## विंड एनर्जी हेतु सर्वेक्षण

*1794 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में विंड एनर्जी की सम्भावनाओं का कोई सर्वेक्षण करवाया है; और

(ख) यदि हां, तो किस एजेंसी से; ब्यौरा सर्वेक्षण की रिपोर्ट सहित सभा पटल पर रखें ?

----

## शिक्षण संस्थानों की स्थापना

*1795 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 2007 से 2012 तक के कार्यकाल में सरकार ने कितने वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक पाठशालाएं खोली और कितनी पाठशालाओं के भवन बनाए; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ख) दिसम्बर, 2012 से 15 फरवरी, 2015 तक प्रदेश में कितने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च पाठशालाओं को स्तरोन्नत किया गया; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें; और

(ग) इस अवधि में स्तरोन्नत की गई पाठशालाओं के भवनों को कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई; और क्या इन पाठशालाओं में अध्यापकों की नियुक्ति आवश्यकता अनुसार कर दी गई है; ब्यौरा दें?

----

## वैट से आय

*1796 **श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक प्रथम जनवरी, 2014 से 15 फरवरी, 2015 तक प्रदेश सरकार ने पैट्रोल, डीज़ल व अन्य वस्तुओं पर कितना-कितना वैट (VAT) कब-कब बढ़ाया; और

(ख) सरकार को इसके बढ़ने से कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## Road Damaged Due to Chamera Project

*1797 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Chowrah-Sundla-Salooni-Langera road is badly damaged due to Chamera HEP-1 reservoir in the portion between Chowrah Dam-Taleru-Brangal-Sundla; and

(b) what steps are being taken to restore the damaged portions ?

----

## जल भण्डारण टैंक

***1798 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जिला बिलासपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पपलोआ में कितने जल भण्डारण टैंक मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत किए गए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) इनमें से कितने बन चुके हैं और कितने शेष हैं;

(ग) विभाग ने क्या निर्मित व निर्माणाधीन टैंकों की पूरी अदायगी कर दी है; और

(घ) यदि नहीं, तो कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

## बरोटीवाला-स्पाटू-वनलगी सड़क

***1799 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार क्या State Highway-9 बरोटीवाला स्पाटू वाया वनलगी सड़क को डबल लेन करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## खम्भे बदलना

***1800 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत एक वर्ष में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत बिजली के कितने गले-सड़े व टूटे हुए खम्भे बदले गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार की कम वोल्टेज की समस्या से निपटने के लिए नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ट्रांसफार्मर कहां-कहां स्थापित करने की योजना है; ब्यौरा क्षेत्र व नामवार दें?

----

## प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण

*1801 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में कार्यरत बाहरी राज्यों से आए/प्रवासी श्रमिकों/लोगों का पंजीकरण स्थानीय स्तर पर किया जाता है; यदि हां, तो इसके लिए क्या प्रक्रिया/मापदण्ड निर्धारित हैं; ब्यौरा पंजीकृत श्रमिकों की संख्या सहित दें;

(ख) यह भी सत्य है कि गत वर्ष प्रदेश में घटी चोरी व हत्या इत्यादि के मामलों में प्रवासी श्रमिकों की संलिप्तता पाई गई है; यदि हां, तो ब्यौरा जिलावार दें; और

(ग) सरकार ने इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या-क्या उपाय किए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## मार्केटिंग बोर्ड की आय

*1802 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड की आय का मुख्य साधन क्या-क्या है; तथा 14 जनवरी, 2014 को सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के बाद Marketing Board के पास सेब पर फीस लगाने के अतिरिक्त आय का क्या साधन रहेगा; विवरण दें; और

(ख) यदि ऐसा है तो सरकार इन परिस्थितियों में बोर्ड को अनुदान देने का विचार रखती है ?

----

## सड़कों पर अवैध खनन

*1803 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिलाई विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों पर अवैध खनन हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो कहां-कहां पर और दोषियों के प्रति क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## विद्युत परियोजनाएं

***1804 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में व्यास-सतलुज और चमेरा बेसिन पर कितनी विद्युत परियोजनाएं विद्युत उत्पादन कर रही हैं व कितनी योजनाओं का कार्य प्रगति पर है;

(ख) गत दो वर्षों में बर्फबारी और वर्षा के कारण इन बेसिन क्षेत्रों में कितने दिन बिजली बन्द रही; ब्यौरा माहवार तिथि सहित दें; और

(ग) इन बेसिन पर स्थित परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन बन्द था या हो रहा था; ब्यौरा परियोजनावार दें ?

----

## एन0एस0क्यू0एफ0 कार्यक्रम

***1805 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में (NSQFW) National Skill Qualification Frame Work कार्यक्रम के अन्तर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय से धनराशि प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो कब से व कितनी-कितनी; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ग) यह भी सत्य है कि इस कार्य के लिए सरकार ने (VTP) Vocational Training Partners के साथ MOU हस्ताक्षरित किया है;

(घ) यदि हां, तो प्रदेश में वर्तमान में कितने VTP कार्यरत हैं; ब्यौरा नाम, पते व विषय सहित दें;

(ङ.) वर्तमान में NSQFW कार्यक्रम कितने विद्यालयों में चल रहा है व इसमें कितने अध्यापक कार्य कर रहे हैं; और

(च) केन्द्र से प्रति अध्यापक कितना वेतन आ रहा है व ये VTP अपने अध्यापकों को कितना-कितना वेतन दे रहे हैं ?

----

## Construction of Leo Bypass

***1806 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Leo bypass bridge has been included in NABARD;

(b) whether it is also a fact that it will be optional route to Spiti which will bypass Maling Nalah; and

(c) by when the Leo bypass & bridge will be completed ?

----

## अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार

*1807 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को कौन-कौन से अवार्ड/पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान है; ब्यौरा दें;

(ख) इन अवार्ड/पुरस्कार को दिए जाने के लिए निर्धारित मानकों/पात्रता की शर्तों का विवरण सभा पटल पर रखें; और

(ग) दिनांक 01-01-2013 से 31-01-2015 तक प्रदेश में पुरस्कृत किए गए कर्मियों का ब्यौरा अवार्ड के नाम सहित दें ?

----

## विज्ञान ब्लाक का निर्माण

*1808 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अर्की विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत GSSS (Boys) में Science Block के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) यह सत्य है कि स्वीकृत धनराशि को divert किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो Science Block के निर्माण हेतु कब तक धनराशि उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें ?

----

## नियुक्ति के विरूद्ध शिकायत

*1809 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार को चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के उप कुलपति की नियुक्ति के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो किस एजैंसी/अधिकारी से इस शिकायत की जांच करवाई गई; जांच रिपोर्ट की प्रति सदन के पटल पर रखें; और

(ग) जांच रिपोर्ट के आधार पर अभी तक क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें ?

----

## भवन निर्माण

***1810 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में शिक्षा विभाग ने प्रदेश सरकार व केन्द्र से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि को विभिन्न स्कूलों के भवन निर्माण व अन्य कार्यों के लिए कब-कब व कितनी-कितनी लोक निर्माण विभाग को दी; ब्यौरा स्कूलशः व स्कीमशः दें; और

(ख) जिन-जिन कार्यों के लिए धनराशि जारी की गई उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; विवरण दें?

----

## सामग्री का क्रय

***1811 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में गत तीन वर्षों में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न मण्डलों द्वारा बाज़ार से खरीदी गई सामग्री (Material) व ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान की बकाया राशि लम्बित है; ब्यौरा मण्डलवार अलग-अलग दें; और

(ख) इनका भुगतान कब तक कर दिया जाएगा ?

----

## Construction of Bridge

***1812 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is present status of the DPR for C/o bridge over Palli Khad between Nawanapar & Ambwala;

(b) why it has been delayed when it was included under MLA priority (iii) for the year 2007-08; and

(c) by when the DPR for the same will be sanctioned ?

----

## धनराशि की स्वीकृति

***1813 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार के पास जिला हमीरपुर के अन्तर्गत GHS Ludder Mahadev के मैदान में बास्केटवाल के पोलों हेतु धनराशि स्वीकृत करने का मामला विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो क्या युवा सेवाएं एवं खेल विभाग GSSS Jahu के मैदान हेतु स्वीकृत राशि को GHS Ludder Mahadev में लगाने की अनुमति देगा क्योंकि वहां पर शिक्षा विभाग ने पहले ही पोल लगा दिये हैं ?

----

## रज्जू मार्ग का निर्माण

***1814 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने प्रदेश के विभिन्न नगरों में रज्जू मार्ग (Ropeways) लगाने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो कहां-कहां; ब्यौरा दें; और

(ख) यह रज्जू मार्ग (Ropeways) किसके माध्यम से लगाए जा रहे हैं; यदि निजी व्यक्ति या कम्पनी द्वारा लगाए जा रहे हैं तो इनकी स्वीकृति किस आधार पर दी जा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## पद पूर्ति

***1815 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) लोक निर्माण मण्डल निरमण्ड में कितने पद सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता व सर्वेयर के सृजित हैं तथा इनमें से कितने रिक्त हैं; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## ट्रैफिक जैम

***1816 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च मार्ग एवं अन्य सड़कों पर जगह-जगह

Roadside Workshops और Roadside Dhabas खुलने के कारण सड़कों का उपयोग Parking के लिए किया जाता है इसके फलस्वरूप जगह-जगह Traffic Jam लग जाता है; और

(ख) यदि हां, तो कौन-कौन से ऐसे प्रमुख मार्ग है और सरकार इस तरह के Traffic Jam को रोकने हेतु कौन-कौन से पग उठा रही है?

----

## Sanctioned Roads/Bridges

*1817 **Shri Jai Ram Thakur (Seraj):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last two years how many roads and bridges have been sanctioned in Seraj Assembly Constituency; details be given ?

----

## सड़क निर्माण

*1818 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में जिला चम्बा के अन्तर्गत निम्न सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या हैः-

(i) मुख्य सड़क से शिरी गांव;

(ii) प्रितम्वास से ओला;

(iii) प्रितम्वास से कैला ;

(iv) पुखरी बाया हमल से टिकरी, शक्तिदेहरा;

(v) टिकरी से शक्तिदेहरा, क्याणी सड़क;

(vi) क्ल्हेल से बंजली, करेरी;

(vii) हिमगिरी वाया सिद्रूनी आइल सोहा गुवारी;

(viii) केंथली मुख्य सड़क से वाया लदान, सपरोठ;

(ख) इस अवधि में PMGSY के अन्तर्गत कितनी सड़कें स्वीकृत की गई; ब्यौरा वर्षवार नाम सहित दें; और

(ग) इन सड़कों के रख-रखाव एवं पक्का करने के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें?

----

## विदेश प्रवास

*1819 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक कौन-कौन मन्त्री, मुख्य संसदीय सचिव, बोर्डों/निगमों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, ओ0एस0डी0, एडवाइजर और अधिकारी कब-कब और कितने-कितने दिनों के लिए विदेश प्रवास पर गए; और

(ख) प्रत्येक दौरे का उद्देश्य और उस पर हुए व्यय का ब्यौरा दें ?

----

## प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना

*1820 **श्री विनोद कुमार (नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत PMGSY के अन्तर्गत कितनी सड़कें सम्मिलित की गई हैं; ब्यौरा वर्षवार नाम सहित दें; और

(ख) इस वित्तीय वर्ष में इन सड़कों के निर्माण के लिए कितना-कितना बजट का प्रावधान है और इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## कैफ़े भैरव का विक्रय

*1821 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने कैफ़े भैरव को बेच दिया है;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि में तथा कैफ़े के साथ कितनी भूमि और बेची गई; ब्यौरा दें; और

(ग) इस कैफ़े को बेचते हुए इसकी नीलामी मौके पर क्यों नहीं हुई; ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## जल क्रीड़ाएं

***1822 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार व पर्यटकों के मनोरंजन के लिए ब्यास नदी पर मनाली से औट तक विभिन्न स्थानों पर रिवर राफ्टिंग (River Rafting), रिवर क्रॉसिंग (River crossing) इत्यादि जल क्रीडाएं संचालित की जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो इन गतिविधियों को चलाने के लिए कौन -कौन से स्थान चिन्हित हैं व इन स्थानों पर सरकार द्वारा क्या-क्या मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं; ब्यौरा दें;

(ग) इन जल क्रीड़ाओं को संचालित करने वालों के पंजीकरण, लाईसैंस व इनके प्रशिक्षण के लिए क्या पर्यटन विभाग और अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बद्ध खेल संस्थान द्वारा कोई नियम बनाये गये हैं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें ; और

(घ) वर्तमान में प्रदेश में कितने पंजीकृत एवं लाईसैंस होल्डर रिवर राफ्टर और रिवर क्रॉसिंग करने वाले युवा व संस्थाएं हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## Construction of College Building

***1823 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that land has been allotted for Degree College in Spiti;

(b) by when the construction will be started; and

(c) whether the department proposes to start classes else where till the building is completed ?

----

## बन्टीघाट-बोगंली खेच सड़क

***1824 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्टीघाट-बोगंली खेच सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

**शिमला : 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 11 मार्च, 2015.** **सचिव।**